
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग से जुड़ी तवाघाट लिपुलेख सड़क अभी भी बंद

**जिम्मेदार कौन** जान हथेली पर रखकर आवाजाही करने को मजबूर हो रहे है ग्रामीण

ग्रमीणों के साथ सीमा पर तैनात एसएसबी के जवानों को जरूरत की चीजों के पड़ रहे लाले

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। कैलाश मानसरोवर मार्ग से जुड़ी तवाघाट लिपुलेख सड़क अभी भी कई जगहों पर बंद है। बता दें कि मार्ग के खुलने से सीमा पर तैनात जवानों के साथ ही गांव के ग्रामीणों को बीस किमी खड़ी चढ़ाई पार कर जान हथेली पर रखकर आवाजाही करने को मजबूर होना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक छंकन और पैलसती झरने के पास बार बार भारी मलबा और बोल्डर गिरने के समाचार मिल रहे है।

सड़क के जगह जगह बंद होने से गाव के ग्रामीणों के साथ सीमा पर तैनात एसएसबी के जवानों को जरूरत की चीजों के लाले पड़ रहे है। वही गांव के ग्रामीणों के साथ गांव की करीबन पचीस महिलाएं बारह किमी व दस किमी खड़ी चढ़ाई व उबड़ खाबड़ हो चुके रास्ते से जान हथेली पर रखकर आवाजाही करने को मजबूर हो रहे है।



दूसरी ओर बूंदी के नीचे पुराने एसएसबी कैंप कुथला से छंकन के पास करीबन नौ किमी सड़क बड़े बड़े बोल्डरों के गिरने से पूरी तरह बंद पड़ी हुई है। सीमा पर तैनात एसएसबी के जवान रास्तों के बंद होने के बावजूद गांव के बच्चों व महिलाओं और पुरूषों की मदद कर रहे है। अब तक सड़क के पूरी तरह से बंद होने के बावजूद डीजल की कमी के चलते क्षेत्र में वाहन बीते चार पांच रोज से गुंजी में फंसे होने की जानकारी सामने आ रही है।

क्षेत्र में अब तक सड़क के न खुल पाने के कारण आमजन को परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है। गांव के ग्रामीण बीआरों लोनवि से सड़क खोलने की मांग पुरजोर तरीके से कर रहे है।

आलम यह है कि बीते पिछले जून माह में हुई भारी बारिश के चलते कैलाश मानसरोवर मार्ग से जुड़े घाटी वाले इलाके के ग्रामीण दस से बीस किमी की दौड़ लगाने को जान हथेली में डालने को मजबूर हो रहे है।

## न्यूज डायरी

### मेयर के खिलाफ सड़क पर उतरी आम आदमी पार्टी

**संवाददाता** काशीपुर। ट्रंचिग ग्राउंड की आड़ में 50 करोड़ के खनन का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी ने सोमवार को नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। आप नेता दीपक बाली के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किला बाजार से निगम कार्यालय तक जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। सहायक नगर आयुक्त आलोक उनियाल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की एसआइटी से जांच कराने की मांग की। कहा कि विकास के नाम पर अवैध खनन का खेल नहीं चलने दिया जाएगा। जुलूस जैसे ही मेयर ऊषा चौधरी के घर के सामने पहुंचा, बाली ने सड़क पर बैठकर नारेबाजी शुरु कर दी। कहा कि खनन के खेल में शामिल कुछ लोग धमकी दे रहे हैं।

### बैठक में नहीं पहुंचे तीन बैंक प्रतिनिधि, जवाब तलब

**संवाददाता** गोपेश्वर। मुख्य विकास अधिकारी वरूण चौधरी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक विकास भवन सभागार में हुई, जिसमें वित्तीय वर्ष के 31 मार्च तिमाही तक विभिन्न बैंक ऋण योजनाओं, सीडी रेश्यो की समीक्षा की गई और लंबित ऋण आवेदनों के त्वरित निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। डीएलआरसी की महत्वपूर्ण बैठक में इंडियन बैंक, इंडस्ट्रीयल बैंक तथा बैक आफ बड़ोदा से कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं रहे। लीड बैंक अधिकारी प्रताप सिंह राणा ने अवगत कराया कि जनपद का सीडी रेश्यो मार्च 2021 तिमाही में 27.40 प्रतिशत रहा। आरबीआइ के मानक 40 प्रतिशत ऋण जमा अनुपात के सापेक्ष मार्च तक 18 बैंकों में से मात्र तीन बैंकों का ही सीडी रेश्यो 40 प्रतिशत से अधिक रहा।

### टी ट्रंक ने चाय का एक कलेक्शन लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। पिछले साल महामारी के प्रकोप के बाद से हम सभी एक सामान्य जीवन जीने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन हमारे काम के घंटे बदल गए हैं हमारा स्क्रीन समय बढ़ गया है हम बाहर कम समय बिताते हैं और इन सभी कारकों ने अशांत नींद तनाव और चिंता मेंपूरा योगदान दिया है। जबकि तनाव से बचने का कोई सवाल ही नहीं है। हम निश्चित रूप से अपने तनाव को बेहतर तरीके से प्रबंधित करने के तरीकों पर काम कर सकते हैं। हम अपने दैनिक तनाव और चिंता को कैसे प्रबंधित करते हैं, इसका हमारे जीवन की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है। एक दैनिक दिनचर्या बनाना जिसमें प्राकृतिक उपचार शामिल हैं हम में से अधिकांश के लिए एक अच्छी प्रारंभिक शुरूआत है।

# बैकलाग पदों पर विशेष भर्ती अभियान चलाए सरकार

**संवाददाता** बागेश्वर। शिल्पकार सभा खरेही ने बैकलाग के पदों पर विशेष भर्ती अभियान चलाने की मांग तेज कर दी है। उन्होंने सोमवार को जिलाधिकारी विनीत कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। कहा कि यदि शीघ्र उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

शिल्पकार सभा खरेही के अध्यक्ष पितांबर लोबियाल के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल जिलाधिकारी से मिला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में अब तक के खाली पड़े बैकलाग पदों को विशेष भर्ती अभियान चलाकर भरा जाए। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के कर्मियों को पूर्व की भांति पदोन्नति में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। पिछड़े वर्ग के कर्मियों को

शिल्पकर सभा ने डीएम को सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन

भी उनकी जनसंख्या के अनुपात में पदोन्नति दी जाए। बीएड व विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति सभी जिलों को समान रूप से प्रदान की जाए। सैकड़ों छात्रों को पाठ्यक्रम पूरा होने के बावजूद छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं हो सका है। उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान विभिन्न प्रदर्शनों व कार्यक्रमों में वाद्ययंत्रों के साथ शामिल होने वाले कलाकारों को भी राज्य आंदोलनकारी के रूप में चिह्नित किया जाए। राज्य में निवास करने वाले अनुसचित जाति वर्ग के लोग जो पीढ़ियों से जिस भूमि में कार्य करते आ रहे हैं, उन्हें भूमि काबिज घोषित किया जाए।



### सीएम ने कोविड राहत सामग्री की 10 गाड़ियों का फ्लैग ऑफ किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने न्यू कैंट रोड, हाथीबड़कला से मसूरी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों हेतु कोविड राहत सामग्री की 10 गाड़ियों का फ्लैग ऑफ किया। यह राहत सामग्री मसूरी विधानसभा क्षेत्र के लगभग 1500 परिवारों को वितरित की जायेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी भी उपस्थित थे।

# भाजपा विधायक सुरेश राठौर ने एफआईआर पर रोक लगाने से संबंधित याचिका ली वापस

**संवाददाता** नैनीताल। दुष्कर्म मामले में फंसे हरिद्वार ज्वालापुर से भाजपा विधायक सुरेश राठौर ने एफआइआर एफआईआर दर्ज होने के बाद एफआईआर पर रोक लगाने से संबंधित याचिका वापस ले ली है। साथ ही दुष्कर्म के मामले में दर्ज केस में गिरफ्तारी पर रोक लगाने को नई याचिका दायर की है। जिस पर बुधवार या गुरुवार को सुनवाई हो सकती है।

हरिद्वार के ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी विधायक सुरेश राठौर के खिलाफ उन्हीं की पार्टी की एक नेत्री ने दो जून 2021 में दुराचार का आरोप लगाते हुए ज्वालापुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया था ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर विधायक सुरेश राठौर

बुधवार या गुरुवार को हो सकती है सुनवाई

के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने से पहले विधायक ने हाईकोर्ट में याचिका दायर निचली कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की प्रार्थना की थी। यह मामला सुनवाई में आना था कि इससे पहले विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया। जिसके बाद विधायक द्वारा शनिवार को मामले में गिरफ्तारी पर रोक लगाने को दूसरी याचिका दायर की।

सोमवार को न्यायाधीश न्यायमूर्ति एनएस धानिक की एकलपीठ में पहली याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें उनके अधिवक्ता आदित्य प्रताप सिंह ने अदालत को बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज हो चुका है, लिहाजा याचिका वापस ले रहे है और नई याचिका दायर कर दी है। कोर्ट ने सरकार से पूछा तो सरकार की ओर से भी मुकदमा दर्ज होने की जानकारी दी गई। जिसके बाद कोर्ट ने पहली याचिका खारिज कर दी।

हाई कोर्ट पहुंचे विधायक सुरेश राठोर का कहना है कि उनके ऊपर लगाए गए दुष्कर्म के आरोप निराधार हैं। आरोप लगाने वाली महिला व उसके पति समेत अन्य लोगो के द्वारा उनसे 30 लाख की रंगदारी मांगी गई ,जब उनके द्वारा पैसे नहीं दिए गए तो उसके बाद महिला को उसके पति समेत अन्य लोगों के द्वारा उनकी सामाजिक और राजनीतिक छवि को धूमिल करने के की धमकी दी।

### जरूरी प्रतिबंधों संग कांवड़ यात्रा शुरू करने की मांग

**संवाददाता** रुड़की। कांवड़ यात्रा स्थगित होने से व्यापारियों में निराशा है। वहीं व्यापारियों की ओर से कोरोना महामारी को देखते हुए जरूरी प्रतिबंधों के साथ कांवड़ यात्रा जारी रखने की मांग सरकार से की जा रही है। जिससे आर्थिक तंगी से जूझ रहे कारोबारियों को कुछ राहत मिल सके। कोरोना महामारी के कारण पिछले कई महीनों से प्रदेश में कोरोना कर्फ्यू लगा है। हालांकि कोविड के मामलों में कमी आने पर अब सरकार ने कोरोना कर्फ्यू में काफी छूट दे दी है। जबकि पहले कोरोना कर्फ्यू के कारण बाजार में केवल आवश्यक सेवाओं से जुड़े उत्पादों की दुकानें ही खुल रही थी। बाकी बाजार बंद था। ऐसे में व्यापारियों को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा था। वहीं गत माह से जैसे–जैसे कोरोना के मामलों में कमी आती गई वैसे ही बाजारों को खोलने के दिन और समय भी बढ़ा दिया गया। अब बाजार सप्ताह में छह दिन खुल रहे हैं। सिर्फ रविवार को ही बाजार बंद हो रहा है।